Regarding need to include Salasar Balaji, Sujangarh and Sridungar Balaji in the proposed Ringas-Khatu Shyamji New Railway Line Project-laid

श्री राहुल कस्वां **(चुरू):** मैं सरकार का ध्यान रिंग्स-खाटू-श्यामजी प्रस्तावित रेल मार्ग के सर्वे में मेंरे संसदीय क्षेत्र के सालासर बालाजी-सुजानगढ (तिरूपतिबालाजी मंदिर)-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत) सहित मुकाम (जम्भोजी)-देशनोक (करणीमाता) रेल लाइन का सर्वे कर नई रेल लाइन डालने की ओर दिलाना चाहूंगा । खाटू-श्यामजी व सालासर-बालाजी, देशनोक (करणीमाता) बहुत बड़े धार्मिक स्थल है, जहां पर लाखों की तादाद में दर्शनार्थियों का आवागमन बना रहता है । मुकाम बिश्नोई समाज का विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है । उक्त रेल लाइन का निर्माण होने से इन धार्मिक स्थलों पर आने वाले भक्तों को रेल सुविधा का बहुत अच्छा फायदा मिलेगा । उक्त रेल लाइन का सर्वे करके इन सभी धार्मिक स्थलों को जोड़ने से हिन्दु समाज के बड़े-बड़े धार्मिक स्थल रेल मार्ग से जुड़ जायेगें । रिंग्स-खाटू-श्यामजी-जीणमाता-सालासर बालाजी-सुजानगढ (तिरूपतिबालाजी मंदिर)-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत)-मुकाम (जम्भोजी)- देशनोक (करणीमाता) उत्तर भारत के बहुत ही महत्वूपर्ण धार्मिक स्थल है । मेरा सरकार से अनुरोध है कि रिंग्स-खाटू-श्यामजी प्रस्तावित सर्वे में सालासर बालाजी-सुजानगढ (तिरूपति बालाजी मंदिर)-श्रीडूंगर बालाजी (द्रोण पर्वत) को भी उक्त सर्वे में शामिल कर नई रेल लाइन डलवाने का श्रम करावें ।